आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 08.05.2026
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के विभिन्न विकास कार्यों और विभागीय योजनाओं के लिए 135 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की।
- चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह। यात्रा मार्गों पर स्थित जीएमवीएन गेस्ट हाउसों की बुकिंग नौ करोड़ रुपये से अधिक हुई।
- रेलवे 40 वर्ष पुरानी प्रणाली के स्थान पर अगस्त से उन्नत यात्री आरक्षण प्रणाली लागू करेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों को उन्नयन को सुचारू बनाने के निर्देश दिए।
- हरिद्वार ज़िले में संचालित 23 मदरसों में पीएम पोषण योजना की प्रारंभिक जांच में अनियमितताएं सामने आने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की।

<u>धनराशि स्वीकृति</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के विभिन्न विकास कार्यों और विभागीय योजनाओं के लिए 135 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने स्वीकृत धनराशि का उपयोग तय मानकों के अनुसार समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से करने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि जनहित के कार्यों में तेजी लाई जा सके।
स्वीकृत योजनाओं में विभिन्न ज़िलों में भवन निर्माण, मंदिरों के सौंदर्यीकरण, ऐतिहासिक भवनों के जीर्णोद्धार, पुलिस और होमगार्ड विभाग के कार्यों के साथ ही शिक्षा से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा आरटीई अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए भी धनराशि जारी की गई है।

<u>चारधाम यात्रा/ उत्साह</u>

चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और तीर्थयात्रा को लेकर लोगों में उत्साह है। चारधाम यात्रा मार्गों पर स्थित जीएमवीएन गेस्ट हाउसों की बुकिंग नौ करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है। वहीं अब तक 30 लाख से अधिक श्रद्धालु यात्रा के लिए पंजीकरण करा चुके हैं और लगभग 9 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।
पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पंजीकरण और जीएमवीएन गेस्ट हाउसों की लगातार बढ़ रही बुकिंग को देखते हुए यात्रा में इस बार अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। उन्होंने यात्रियों से सरकार के दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यात्रा के लिए पंजीकरण अनिवार्य है और बिना पंजीकरण वाले यात्रियों को यात्रा की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से स्वास्थ्य जांच कराने, मौसम को ध्यान में रखते हुए गर्म कपड़े और रेनकोट साथ रखने तथा यात्रा के दौरान स्वच्छता बनाए रखने की भी अपील की।

<u>निरीक्षण</u>

उधर, केदारनाथ धाम यात्रा 2026 की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी विशाल मिश्रा देर रात केदारनाथ धाम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने यात्रा मार्ग, मंदिर परिसर और श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। एक रिपोर्ट–

**जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं से बातचीत कर यात्रा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। श्रद्धालुओं ने दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा, साफ–सफाई, पेयजल और स्वास्थ्य सेवाओं पर संतोष जताया। जिलाधिकारी ने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुविधा और सुरक्षा, प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा यात्रा को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।**
**निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर, दर्शन लाइन, विद्युत व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति और साफ–सफाई की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने**

कहा कि यात्रा अवधि के दौरान सभी व्यवस्थाओं पर लगातार निगरानी रखी जाए और किसी भी समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।
आकाशवाणी देहरादून के लिए समाचार कक्ष से अमित सुन्द्रियाल

सुनियोजित षडयंत्र

चंपावत के कथित नाबालिग दुष्कर्म मामले में पुलिस जांच में साजिश का खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार बदले की भावना से एक सुनियोजित षड्यंत्र रचा गया था।
मामले में मिली शिकायत के आधार पर पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर एसआईटी गठित की गई। जांच के दौरान पीड़िता का मेडिकल परीक्षण, काउंसिलिंग और न्यायालय में बयान दर्ज कराए गए।
पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की जांच में पाया कि नामजद तीनों व्यक्ति घटना स्थल पर मौजूद नहीं थे। वहीं मेडिकल परीक्षण में भी जबरदस्ती या संघर्ष के स्पष्ट संकेत नहीं मिले हैं।
पुलिस के अनुसार जांच में कुछ लोगों के बीच लगातार संपर्क के तथ्य सामने आए हैं, जिसके आधार पर पूरे घटनाक्रम को सुनियोजित साजिश माना जा रहा है। मामले में डिजिटल और फॉरेंसिक जांच अभी जारी है।

कार्रवाई निर्देश

चंपावत के कथित नाबालिग दुष्कर्म प्रकरण में एसआईटी जांच के बाद सामने आए तथ्यों पर उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रंजिश के चलते एक नाबालिग को बहला–फुसलाकर पूरे घटनाक्रम में शामिल करना गंभीर मामला है और यह समाज तथा कानून दोनों के खिलाफ अपराध है।
अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने कहा कि महिला आयोग महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करता है, लेकिन कानून के दुरुपयोग को भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले में शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है।

उन्नत यात्री आरक्षण प्रणाली

रेल मंत्रालय ने कहा है कि रेलगाडियों को उन्नत यात्री आरक्षण प्रणाली में बदलने की प्रक्रिया अगस्त में शुरू हो जाएगी। नई दिल्ली में आज समीक्षा बैठक में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रेलगाडियों को 40 वर्ष पुरानी आरक्षण प्रणाली से नई प्रणाली में बदलने के दौरान यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

कार्रवाई

हरिद्वार ज़िले में संचालित मदरसों में पीएम पोषण योजना की प्रारंभिक जांच में अनियमितताएं सामने आने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच में 23 मदरसों में मिड डे मील व्यवस्था और छात्र उपस्थिति से जुड़ी गड़बड़ियां पाई गई हैं, जबकि छात्र संख्या में अनियमितता मिलने पर 11 मदरसों में पीएम पोषण योजना का संचालन बंद कर दिया गया है।
जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने इन मदरसों के मार्च और अप्रैल माह के भुगतान पर रोक लगा दी है। साथ ही सभी मदरसों की विस्तृत जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है।
प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि कुछ मदरसों में उत्तराखंड से बाहर के राज्यों के बच्चों का दाखिला कराया गया है। प्रशासन अब इन बच्चों के सत्यापन और प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी जुटा रहा है।

<u>लोकार्पण</u>

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल पौड़ी ज़िले के यमकेश्वर क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। दोनों मुख्यमंत्रियों ने यमकेश्वर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पूजा–अर्चना कर प्रदेश और देश की सुख–समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने पैतृक गांव पंचूर भी पहुंचे, जहां उन्होंने श्री विष्णु महायज्ञ में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने युवाओं से सकारात्मक सोच और आध्यात्मिकता को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। महायोगी गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय बिथ्याणी में आयोजित कार्यक्रम में दोनों मुख्यमंत्रियों ने महाविद्यालय की एआई आधारित वेबसाइट का उद्‌घाटन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एआई बॉट के माध्यम से परीक्षा प्रणाली और परिणामों की जानकारी ली, जबकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने छात्र संख्या और कौशल विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर महाविद्यालय के नए भवन, सेमिनार हॉल और ओपन जिम का भी लोकार्पण किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बिथ्याणी महाविद्यालय को आदर्श कॉलेज के रूप में विकसित करने और क्षेत्र में मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य जल्द शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को बेहतर शिक्षा और खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

**अब एक नजर समाचार पत्र की सुर्खियों पर –**

आपरेशन सिंदूर के एक साल पूरे होने पर अमर उजाला सेना के हवाले से लिखता है –आतंकियों की कोई पनाहगाह सुरक्षित नहीं। नवोदय टाइम्स की खबर हैं–एल ओ सी पर कोई आतंकी ठिकाना सुरक्षित नही।
मुख्यमंत्री के पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों व मत्स्य पालकों कि साथ किए  संवाद का सभी समाचार पत्रों ने सुर्खी बनाया हैं। दैनिक जागरण लिखता हैं पशुपालकों को धामी का मंत्र , पहाड का दूध बनेगा ग्लोबल ब्रांड, इसी पर नवोदय टाइम्स मुख्यमं़त्री धामी के हवाले से लिखता है – पशुपालकों की आय बढाने को सरकार संकल्पबद्व।